भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2470

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए सीजीएचएस स्वास्थ्य केंद्र खोलना

†2470. सुश्री इकरा चौधरी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश भर में विभिन्न स्थानों पर सीजीएचएस स्वास्थ्य केंद्र खोलने की संभावना तलाश रही है;

(ख) यदि हां, तो देश में वर्तमान में कितने नए सीजीएचएस स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना पर विचार किया जा रहा है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के शामली और मेरठ जिलों को भी दो नए सीजीएचएस स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना के लिए संभावित स्थानों के रूप में चिह्नित किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या भविष्य में इन जिलों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतावराव जाधव)

(क) से (ङ): वर्तमान में, देश भर के 81 शहरों में 342 एलोपैथी आरोग्य केंद्र और 111 आयुष इकाईयां कार्यशील हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने देश भर में विभिन्न स्थानों, नामत: भिलाई, दुर्ग, नर्मदापुरम, बहादुरगढ़, रेवाड़ी, रोहतक, जमशेदपुर, साबरमती, भरतपुर, अलवर, हलद्वानी, नैनीताल, धर्मशाला, कांगड़ा, पटियाला, उडुपी, शिवमोग्गा, वारंगल, तिरुपति, नवी मुंबई, हापुड और मंगलुरु में अतिरिक्त 22 नए सीजीएचएस आरोग्य केंद्रों के लिए अनुमोदन प्रदान किया है।

नए सीजीएचएस आरोग्य केंद्र खोलने के लिए मौजूदा मानदंडों में, अन्य बातों के साथ-साथ, संसाधनों एवं उपयुक्त आवास की उपलब्धता और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्टों, स्टाफ नर्स, क्लर्क आदि के पदों के सृजन के अध्यधीन न्यूनतम 2500 प्रमुख सीजीएचएस कार्डधारक या 6000 सीजीएचएस लाभार्थी शामिल हैं। इन आरोग्य केंद्रों के लिए पदों की स्वीकृति और निधियों का आवंटन व्यय विभाग वित्त मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आता है।

वर्तमान में, मेरठ जिले में 8 स्वास्थ्य केंद्र पहले से ही कार्यशील हैं। उत्तर प्रदेश के शामली और मेरठ जिलों में नए औषधालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****